आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.04.2026/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिला आरक्षण कानून पर सच्ची भावना के साथ अमल करने का समय आ गया है ताकि 2029 से लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ हों। लोकसभा और राज्यसभा में सदन के नेताओं को लिखे पत्र में उन्होंने सभी सदस्यों से महिला आरक्षण कानून में संशोधन के मुद्दे पर एकजुट होने का आहवान किया है। इस कानून को नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया गया है। महिला आरक्षण अधिनियम से लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़कर आठ सौ 16 हो जाएगी जिसमें 2 सौ 73 सीटें महिलाओं के लिए होंगी।
लोकसभा और राज्य विधान सभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान 2023 में संविधान संशोधन के ज़रिए किया गया था।

व्हिप

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा और राज्यसभा के अपने सदस्यों को 16 से 18 अप्रैल तक संसद में मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी किया है। व्हिप में कहा गया है कि इस अवधि में सदन में उपस्थिति अनिवार्य है और कोई छुट्टी मंजूर नहीं की जाएगी। महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के लिए संसद का तीन दिन का विशेष सत्र 16 अप्रैल से शुरु हो रहा है।

मछली उत्पादन

प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों के दौरान मछली उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार वर्ष 2024–25 में मछली उत्पादन 19 हजार 19 मीट्रिक टन था जो वर्ष 2025–26 में 20 हजार पांच मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। प्रवक्ता ने बताया कि सरकार मछुआरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और मछुआरा समुदाय के उत्थान के लिए सक्रियता से प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 2026–27 के बजट में भी बाजार के उतार चढ़ाव से जलाशय मछुआरों की सुरक्षा, उनकी आय बढ़ाने के उददेश्य से कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार जलाशयों से प्राप्त मछलियों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है।

भाजपा

प्रदेश कांग्रेस सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा ने आज नाहन में प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल के नेतृत्व में शहर में आक्रोश रैली निकाली गई। मीडिया से बातचीत में राजीव बिंदल ने कहा कि अपने साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई हजार करोड़ रूपए का कर्ज लेने के बावजूद प्रदेश में विकास कार्य ठप्प हैं।

राज्य चुनाव आयोग

राज्य चुनाव आयोग ने कहा है कि पंचायत चुनाव प्रक्रिया के दौरान आने वाली शिकायतों के निपटारे के लिए अब अधिकतम 6 माह की समय सीमा तय की गई है। इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। इससे पहले कई मामलों में फैसले आने में दो से चार वर्ष लग जाते थे। राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची ने कहा कि पंचायत समिति और जिला परिषद के चुनावों में आरक्षण लागू होने के बावजूद उम्मीदवारों के लिए विकल्प खुले रहेंगें पंचायत समिति चुनाव के लिए उम्मीदार को संबंधित ब्लॉक का मतदाता होना जरूरी है। जबकि जिला परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवार पूरे जिले में कहीं भी वोटर हो सकता है।

अमरनाथ यात्रा

इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से 28 अगस्त को रक्षाबंधन तक चलेगी। तीर्थयात्रा के लिए पंजीकरण 15 अप्रैल से ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से होगा। पंजीकरण की सुविधा देश के किसी भी जम्मू और कश्मीर बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक सहित 5 सौ 54 बैंक शाखाओं में उपलब्ध होगी।

निधन

प्रख्यात गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित आशा भोसले का आज मुंबई में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में होगा। आशा भोसले का करियर आठ दशक से अधिक लंबा रहा और वे अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए ख्यात थीं। वे जानी–मानी गायिका लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं।

डीसी कांगड़ा

कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कल देर शाम धर्मशाला के समीप दाड़ी में धुम्मू शाह मेले के तहत दंगल का शुभारंभ किया। उन्होंने स्थानीय लोगों को उत्सव की बधाई देते हुए कहा कि ये मेला जन आस्था से जुड़ा एक प्राचीन आयोजन है। उपायुक्त ने कहा कि भारत में कुश्ती एक पेशेवर खेल के रूप में तेजी से उभर रही है जो देश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिला रही है। इस दंगल में हिमाचल प्रदेश सहित देश भर के विभिन्न राज्यों से आए नामी पहलवानों ने भाग लिया।